दिन– गुरूवार दिनांक– 20/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

विधानमंडल के बजट सत्र में आज भी दोनों सदनों की कार्यवाही के दौरान विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। राजद, कांग्रेस और सीपीआई के विधायकों ने विधान सभा के भीतर और बाहर स्वास्थ्य विभाग में खाली पड़े पदों को भरने और पीडीएस दुकानदारों को मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। हंगामा और शोर–शराबे के बीच ही प्रश्नकाल और शून्यकाल की कार्यवाही पूरी की गयी। इधर, विधान परिषद में राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के बीच नोंक–झोंक देखने को मिली। मुख्यमंत्री ने राबड़ी देवी को उनके शासनकाल की याद दिलाते हुए कहा कि राजद नेताओं को कानून व्यवस्था पर बयान देना शोभा नहीं देता है। इस पर नाराज विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।

———————————————————————

राज्य सरकार ने आज सोलहवें वित्त आयोग के समक्ष राज्य की बढ़ती वित्तीय जरूरतों के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व वाले दल के साथ बैठक की। श्री कुमार ने कहा कि राज्य के विकास पर खर्च कई गुना बढ़ गया है, इसलिए वित्तीय जरूरतें भी बढ़ गई हैं। श्री कुमार ने उम्मीद जताई है कि वित्त आयोग राज्य की जरूरतों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगा। वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में कल से सोलहवें वित्त आयोग का एक दल तीन दिन के बिहार दौरे पर है। दल के सदस्य केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी तय करने के लिए मधुबनी और कुछ अन्य इलाकों का दौरा कर आम लोगों से निर्वाचित प्रतिनिधियों और अधिकारियों से जानकारी लेंगे।

———————————————————————

सेपक टाकरा विश्व कप आज से पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्टस् कॉम्प्लेक्स में शुरू हो गया है। विश्व कप का पहला मुकाबला थाइलैंड और सिंगापुर के बीच खेला गया। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय सेपक टाकरा फेडरेशन– याइसटैफ के सहयोग से हो रहा

है। टूर्नामेंट पच्चीस मार्च तक खेला जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज शाम विश्व कप का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। टूर्नामेंट में भारत, जापान, ब्राजील, फ्रांस, इटली, मलेशिया, ईरान समेत बीस देशों के तीन सौ से अधिक खिलाड़ी और प्रशिक्षक भाग ले रहे हैं।

————————————————————————

पटना समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई। इधर, सुबह से ही अधिकतर स्थानों पर बादल छाये हुए हैं। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों तक प्रदेश के कई भागों में हल्की बारिश हो सकती है। विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान भभुआ, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई जगहों पर मेघगर्जन, वज्रपात और ओलावृष्टि की आशंका जताई है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

————————————————————————

आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह दिन गौरैया की आबादी में तेज़ी से हो रही कमी के बारे में जागरूकता के लिए प्रयास के तौर पर मनाया जाता है। पहली बार वर्ष, दो हजार दस में यह दिवस मनाया गया था।

————————————————————————

सीपीआई, सीपीएम और अन्य वाम दलों के कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी के मुद्दे पर समस्तीपुर में राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जुलूस निकाला और समाहरणालय का घेराव किया।

————————————————————————

अररिया जिले के पलासी प्रखंड क्षेत्र के करोड़ दीघली और जोकीहाट प्रखंड के काकन में अगलगी की अलग–अलग घटनाओं में दो दर्जन से अधिक घर जलकर नष्ट हो गये।

————————————————————————

गया स्थित दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय–सीयूएसबी का आज चौथा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

---

रोहतास पुलिस ने डेहरी ऑनसोन रेलवे स्टेशन के पास छापेमारी कर अफीम की एक बड़ी खेप के साथ चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

मधुबनी में आज से दो दिवसीय मिथिला महोत्सव की शुरूआत हो गयी है। जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा ने इसका उद्‌घाटन किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।